Live हिन्दुस्तान.com

# कपाली में नकली अंग्रेजी शराब बनाने का भंडाफोड़

हिन्दुस्तान टीम,आदित्यपुर

Last updated: Tue, 14 Apr 2020 01:41 AM



कपाली के डोबो में भीम तुरहा के घर में नकली शराब बनाने का भंडोफोड़ हुआ है। पुलिस ने छापेमारी कर भीम तुरहा के घर से अंग्रेजी शराब रॉयल स्टेज एवं झारखंड सरकार के करीब 120 रेपर एवं अंग्रेजी शराब की बोतल एवं अन्य सामग्री को जब्त कर लिया है।

पुलिस को डोबो में नकली शराब बनाने की सूचना थी, जिसके बाद ओपी प्रभारी प्रकाश रजक ने छापेमारी कर नकली शराब बनाने का भंडाफोड़ किया। प्रभारी ने बताया कि घर में अवैध तरीके से नकली अंग्रेजी शराब बनायी जाती थी। छापेमारी के दौरान आरोपी फरार हो गया। प्रभारी ने बताया की भीम तुरहा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

डोबो में पुलिस ने तोड़ी भट्ठी :

कपाली के डोबो में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध देशी शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने भट्ठी से आठ ड्राम जाबा-महुआ, शराब एवं कच्ची सामग्री को जब्त कर लिया।

Source: https://www.livehindustan.com/jharkhand/adityapur/story-fake-english-liquor-busted-in-kapali-3149043.html